# केंद्रीय विदयालय पाटण

## अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा - (२०१८-१९ )

**कक्षा- ६** **विषय - हिंदी**

**अधिकतम अंक : ८०** **समय -2:30 घंटे**

---

**{ अपढित गद्यांश }**

**1. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो | ( 5 )**

कभी -कभी अचानक ही विधाता हमें ऐसे विलक्षण व्यक्तित्व से मिला देता है ,जिसे देखकर स्वयं अपने जीवन की रिक्तता बहुत छोटी लगने लगती है | हमें तब लगता की भले ही उस अंतयार्मी ने हमें जीवन में कभी अकस्मात अकारण ही दंडित कर दिया हो किंतु हमारे किसी अंग को हमसे विच्छिन्न करके हमे उससे वंचित तो किया | फिर भी हममें से कौन ऐसा मानव है जो अपनी विपत्ति के कठिन क्षणों में विधाता को दोषी नहीं ठहराटा | मैंने अभी पिछले ही महीने एक ऐसी अभिशप्त काया देखि है , जिसे विधाता ने कठोरतम दंड दिया है , किंतु उसे वह नतमस्तक आनंदी मुद्रा में झेल रही है , विधाता को कोसकर नहीं |

१ . हमें अपने जीवन की रिक्तता कब छोटी लगने लगती है ?

(क) दुसरे की छोटी रिक्तता देखकर ( ख ) दूसरों की बड़ी रिक्तता देखकर
(ग) अपनी किस्मत को सोचकर (ग) ईश्वर को याद करके

२ . मनुष्य अपने जीवन में अकस्मात अकारण दंडित होने का दोष किसे देता है ?

(क) दुसरे मनुष्य को (ख) माता - पिता को (ग) ईश्वर को (घ) इनमें से कोई नहीं |

३. लेखक ने पिछले महीने जो काया देखी थी उसे अभिशप्त क्यों कहा ?

(क) उसकी सुंदरता देखकर (ख) अनजाने में शाप से गस्त होने के कारण
(ग)वरदान पाने के कारण (घ) शारिरीक विकलांगता के कारण

४ .वह काया उस दंड को कैसे झेल रही थी ?

(क) ख़ुशी -ख़ुशी (ख) दुखी होकर (ग)ईश्वर को दोष देकर (घ) निष्प्राण मांसपिड बनकर|

५ . 'अभिशप्त काया देखी '- में रेखांकित अंश है -

(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम (ग) विशेषण (घ) क्रिया - विशेषण |

2. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर सही विकल्प लिखिए | ( 5 )**

उड़ चल , हारिल लिये हाथ में ,
यही अकेला ओछा तिनका |
उषा जाग उठी प्राची में -
कैसी बाट ,भरोशा किन का ?
शक्ति रहे तेरे हाथो में -
छुट न जाय यह चाह सुजन की ,
शक्ति रहे तेरे हाथों में -
रुक न जाय यह गीत जीवन की ?
ऊपर - ऊपर - ऊपर - ऊपर
बढ़ता चीरता चल दिङ्‍ मंडल
अनथक पंखो की चोटों से ,
नभ में एक मचा दे हलचल

१. यहाँ 'हारिल 'किसका प्रतिक है ?

(क) हरियाली का (ख) सुंदर पक्षी का (ग) जीवन में आगे बढ़ते व्यक्ति (घ) जीवन में दुखी एक व्यक्ति

२ . उषा किस दिशा में जाग उठी है ?

(क) पूरब में (ख) पच्छिम में (ग ) उत्तर में (घ) दक्षिण में

३ .हारिल के मन में कौन -सी चाहत छिपी हुई है ?

(क) उड़ान भरने की (ख) विध्वंस की (ग) मुक्ति पाने की (घ) नव - निर्माण की

४ .हारिल के पंखो को कैसा बताया गया है ?

(क) सुंदर (ख) कभी न थकनेवाला (ग) चोटिल (घ) विशाल |

५ .निम्नलिखित में से 'सुजन ' शब्द का विपरीतार्थक शब्द कौन -सा है ?

(क) विध्वंस (ख) निमार्ण (ग) असुजन (घ) निर्जन

( <u>पढित गदयांश</u> )

**3. नीचे दिए गए गदयांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो | ( 5 )**

राजप्पा मन - ही - मन कुढ़ रहा था | स्कूल जाना अब खेलने लगा था और लड़को के सामने जाने में शर्म आने लगी | आमतौर पर शनिवार और रविवार को टिकट की खोज में लगा रहता ,परंतु अब घर - घुसा हो गया था | दिन में कई बार एलबम को पलटता रहता | रात को लेट जाता | उसे अलबम से चिढ होने लगी थी |उसे लगा अलबम वाकई कूड़ा हो गया है |

१. राजप्पा के कुढ़ने का क्या कारण था ?

(क) नागराजन द्वारा किया गया अपमान (ख) साथियों द्वारा उसकी और उसके अलबम की उपेक्षा

(ग) उसके अलबम का खो जाना (घ) अलबम के लिए अच्छे टिकट न मिल पाना

२. राजप्पा शनिवार और रविवार को क्या काम करता था ?

(क) दोस्तों के साथ खेलना (ख) धूमने के लिए कही बाहर जाना

(ग) स्कूल का काम करना (घ) अलबम के लिए टिकट खोजना |

३. राजप्पा के स्वभाव में अचानक क्या बदलाव आया ?

(क) वह पढाई पर ध्यान देने लगा (ख) वह ज्यादा समय घर में बिताने लगा

(ग) वह अच्छे टिकट खोजने लगा (घ) वह लड़कों के साथ अधिक धुलने-मिलने लगा |

४. राजप्पा अपना अलबम कहाँ रखता था ?

(क) मेंज पर (ख) ट्रक में (ग ) अलमारी में (घ )सूटकेस में

५ . अलबम वाकई कूड़ा हो गया है ? यह किस प्रकार का वाक्य है ?

(क) विधानवाचक (ख) विस्मयवाचक (ग) संकेतवाचक (घ) संदेह्वाचक |

**[ पढित पद्यांश ]**

4 . **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर सही विकल्प लिखिए | (5)**

वह चिड़िया जो -
चोंच मारकर
दूध - भरे जुंडी के दाने
रूचि से , रस से खा लेती है
वह छोटी संतोषी चिड़िया
वह चिड़िया जो -
कंठ खोलकर
बूढ़े वन - बाबा की खातिर

रस उंडेलकर गा लेती है
वह छोटी मुँह बोली चिड़िया
नीले पंखोवाली मैं हूँ
मुझे विजन से बहुत प्यार है |

१ . वह चिड़िया जो ' कविता में कवि का नाम क्या है ?

( क ) प्रेमचंद (ख) केदारनाथ अग्रवाल (ग ) शमशेरबहादुर (घ) गुणाकर मुले |

२ .कविता में चिड़िया के पंख किस रंग के है ?

(क) हरा ( ख ) सफ़ेद ( ग ) नीला ( घ ) काला |

३ . वह चिड़िया जो ' कविता में चिड़िया को किससे ज्यादा प्यार है ?

(क) मनुष्य से (ख) प्राणी से (ग) अन्न से (घ) इन में से कोई नहीं |

४ . वह चिड़िया जो ' कविता हमे क्या सीख मिलती है ?

(क) आपस में बैर रखना चाहिए (ख) हमे मिलझुलकर रहना चाहिए

(ग) अन्न से प्रेम और उसका आदर करना चाहिए (घ) इन मे से कोई नहीं |

५ .वह चिड़िया जो ' कविता में चिड़िया के गीत किस को समर्पित है ?

(क) प्रकृति को (ख) बूढ़े बाबा को (ग) वन को (घ) इन में से कोई नहीं |

5 . **(अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | ( 12 )**

१ . लिखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या - क्या करती थी ?

२ .केशव और श्यामा ने चिड़िया के अंडो की रक्षा की या नादानी ?

३ .माँ मोहन के ' ऐसे - ऐसे कहने पर क्यों घबरा रही थी ?

४ .नागराजन के अलबम के हिट हो जाने के बाद राजप्पा के मन की क्या दशा हुई ?

५ .छोटू का परिवार कहाँ रहता था ?

६ . राजप्पा ने नागराजन का टिकट - अलबम अँगीठी में क्यों डाल दिया ?

**(ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | ( 10 )**

१ .राजा दशरथ के कितने पुत्र थे ? उनके नाम लिखो |

२ .राम के राज्यभिषेक की खबर सुनकर मंथरा क्यों जल-भुन गई ?

३ . शिव धनुष की क्या विशेषता थी ?

४ .अयोध्या की सीमा पर पहुँचकर राम ने क्या किया ?

५ .मिथिला के राजा कौन थे ? उनकी क्या प्रतिज्ञा थी ?

**(क) निम्नलिखित प्रद्याश के प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (12 )**

१. 'आप पहने हुए है कुल आकाश ' के माध्यम से लड़की कहना चाहती है कि -

२. गीत में सीनें और बाँहों को फौलादी क्यों कहा गया है ?

३. साथी हाथ बढ़ाना कविता में कवि का नाम क्या है ?

४. इस कविता के आधार पर बताओ कि चिड़िया को किन - किन चीजों से प्यार है ?

५. चाँद से थोड़े - सी गप्पे कविता में कवि का नाम क्या है ?

६. हमें मेहनत से क्यों नहीं डरना चाहिए ?

**{ व्याकरण }**

(क) सर्वनामिक विशेषण का दूसरा नाम क्या है ?

(1) गुणवाचक विशेषण (2) संख्यावाचक विशेषण (3) प्र विशेषण (4) संकेतवाचक विशेषण

(ख) कारक के कितने भेद है ?

(1) दो (2) चार (3) आठ (4 ) सात

(ग) विलोम शब्द लिखिए |

(1) एकता (2)स्वाधीन

(घ) 'नारी' शब्द का पयार्यवाची शब्द लिखिए |

(ड) निम्नलिखित शब्दों में उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए |

(इसलिए, कि ,ताकि , परतुं )

(1) कृष्णन फिल्म देखना चाहता है ........................मैं मेले में जाना चाहती हूँ |

(2) सब्जी काटकर रखना .........................घर आते ही मैं खाना बना लूँ |

(च) 'खून - पसीना एक करना 'मुहावरे का अर्थ है |

(छ) विशेषण के कितने भेद है |

(ज) विशेषण को उचित विशेष्य से मिलाओ -

| **विशेषण** | **विशेष्य** |
|---|---|
| (क) पालतू | घास |
| (ख) हरी | जानवर |

(झ) इस जग में <u>थोडा </u>पानी है | रेखांकित का विशेषण भेद बताइए |

(क) निश्चित परिमाण वाचक (ख) सर्वनामिक विशेषण (ग) गुणवाचक विशेषण (घ) संख्यावाचक

(ट) क्रिया के कितने भेद है ?

(ढ) हिंदी भाषा की लिपि कौन सी है ?

(1) फारसी (2) देवनागरी (3) गुरुमुखी (4 ) रोमन

(ड) दिए गए सर्वनाम शब्द से वाक्य बनाओ |

(1) वह (2) हम

(ढ) एकवचन से बहुवचन बनाओ |

(1) शेर (2)फल

(ण) बहुवचन से एकवचन बनाओ |

(1) किरण (2) सड़के

(त ) संज्ञा के प्रकार कितने है ?

(1) चार (2) तीन (3) पांच (4) दो

(थ) समास के कितने भेद है ?

(1) चार (2) आठ (3) पांच ( 4 ) छः

**पत्र लिखो – (कोई एक) ( 5 )**

(क) अपने मित्र के जन्म के पर बधाई देते एक पत्र लिखो |

अथवा

(ख) बड़े भाई के विवाह के अवसर पर आमंत्रित करने हुए मित्र को लिखो |

**निबन्ध लिखो - ( कोई एक ) ( 5 )**

( क ) रक्षाबंधन

( ख ) दीपावली